an>

Title: Regarding building of warehouse for storing onions in Vardhaman district of West Bengal.

श्री सुनील कुमार मण्डल (बर्धमान पूर्व) : आदरणीय उपाध्यक्ष महोदय, आज मुझे पहली बार गणतंत्र के मंदिर में बोलने का मौका मिला, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं एक जरूरी बात प्याज संग्रहण भंडार के बारे में कहना चाहता हूं। हमारे वेस्ट बंगाल के बर्धमान डिस्ट्रिक्ट में बहुत प्याज की खेती होती है। महाराष्ट्र नासिक में प्याज संग्रहण के लिए लाना पड़ता है और फिर दोबारा नासिक से बंगाल लेकर जाना पड़ता है, इसलिए प्याज का दाम बहुत ज्यादा हो जाता है।

महोदय, हमारे जो किसान लोग हैं, उनको प्याज की खेती के ऊपर आत्मनिर्भर बनाने के लिए कम से कम एक प्याज संग्रहण भंडार बनाने के लिए आपके माध्यम से मंत्री जी से हम रिक्वेस्ट करते हैं।